**भारत सरकार**
**परमाणु ऊर्जा विभाग**
**अनुसंधान एवं विकास अनुभाग II**
**अणुशक्ति भवन, सीएसएम मार्ग, मुंबई 400001**

**विज्ञापन सं. 10/2024**

# प्लाज्मा अनुसंधान संस्थान, गांधीनगर में निदेशक के पद के लिए आवेदन आमंत्रित

परमाणु ऊर्जा विभाग (पऊवि) के प्लाज्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर), गांधीनगर में निदेशक की नियुक्ति के लिए अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आईपीआर, परमाणु ऊर्जा विभाग का एक सहायता प्राप्त संस्थान है। आईपीआर प्लाज्मा भौतिकी, थर्मोन्यूक्लियर फ्यूजन, फ्यूजन प्रौद्योगिकियों, सामाजिक अनुप्रयोगों और अन्य संबंधित क्षेत्रों में मूल और व्यावहारिक अनुसंधान के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध एक अनुसंधान संस्थान है। आईपीआर शैक्षणिक कार्यक्रमों के संचालन के उद्देश्य से, होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (एचबीएनआई), जो एक डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी है, का एक संघटक संस्थान भी है।

## पद का वेतनमान

निदेशक, आईपीआर के पद का वेतनमान, वेतन मैट्रिक्स के लेवल 16 में है और प्रारंभिक मूल वेतन रु. 2,05,400/- प्रति माह (7वें सीपीसी के अनुसार) है। भत्ते, भारत सरकार के नियमों/आईपीआर के उपनियमों के अनुसार हैं।

## पद का कार्यकाल

नियुक्ति का कार्यकाल नियुक्ति की तारीख से पांच साल या 60 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, होगा, जिसे भारत सरकार की मंजूरी के साथ आईपीआर की गवर्निंग काउंसिल के विवेक पर बढ़ाया जा सकता है।

## कर्तव्यों की प्रकृति

- निदेशक, आईपीआर संस्थान के शैक्षणिक/वैज्ञानिक और साथ ही प्रशासनिक प्रमुख हैं। वह भारत सरकार या आईपीआर की गवर्निंग काउंसिल द्वारा आईपीआर को सौंपे गए कार्यों और जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए समग्र रूप से जिम्मेदार होगा/होगी। वह संस्थान के मानव और वित्तीय संसाधनों का प्रबंधन करने के लिए जिम्मेदार होगा/होगी।

- वह भारत सरकार या आईपीआर की गवर्निंग काउंसिल द्वारा समय-समय पर तय किए गए ऐसे निकायों/एजेंसियों/संगठनों/समितियों का प्रमुख/सदस्य/आमंत्रित सदस्य होगा/होगी।
- वह संस्थान के वैज्ञानिकों/शिक्षाविदों और अन्य कर्मियों की टीम का मार्गदर्शन करेगा/करेगी और उन्हें प्रेरित करेगा/करेगी। वह उपलब्ध संसाधनों के इष्टतम उपयोग द्वारा विभिन्न अनुसंधान कार्यक्रमों/परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार होगा/होगी।
- वह परमाणु ऊर्जा विभाग और इसकी संघटक इकाइयों के साथ-साथ भारत और विदेशों में अनुसंधान संगठनों और विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर कार्य करने के लिए जिम्मेदार होगा/होगी।
- वह संस्थान के उपनियमों/नियमों और समय-समय पर भारत सरकार के नियमों/निर्देशों के अनुसार कर्तव्यों का पालन करेगा/करेंगी। वह संस्थान की गवर्निंग काउंसिल के प्रशासनिक नियंत्रण में होगा/होगी ।
- वह संस्थान के सभी कर्मचारियों को उपनियमों/नियमों के अनुसार कर्तव्य सौंपेगा/सौंपेगी और उपनियमों/नियमों में निर्धारित नियमों के अनुसार पर्यवेक्षण और नियंत्रण करेगा/करेगी।
- वह जहां भी आवश्यक हो, भारत सरकार के परामर्श से गवर्निंग काउंसिल द्वारा उसे सौंपी गई वित्तीय शक्तियों का प्रयोग करेगा/करेगी।
- वह उपनियमों/नियमों के तहत निर्धारित कर्मचारी/कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का प्राधिकारी होगा/होगी।

<u>आयु सीमा</u>:

- उम्मीदवार की आयु 01 जनवरी 2025 को 50 वर्ष से कम और 57 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**<u>आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएँ:</u>**

- उम्मीदवार को भौतिकी या इंजीनियरिंग में पीएचडी होना चाहिए। पीएचडी, आईपीआर अनुसंधान और विकास से संबंधित क्षेत्र में होनी चाहिए।
- उम्मीदवार के पास प्रथम श्रेणी या समकक्ष पूर्ववर्ती डिग्री (बी.ई./बी.टेक., एम.एससी., एम.ई./एम.टेक.) भी होनी चाहिए।
- उम्मीदवार को उत्कृष्ट शैक्षणिक पृष्ठभूमि और प्लाज्मा विज्ञान और/या संबंधित प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान एवं विकास आउटपुट वाला एक

प्रतिष्ठित वैज्ञानिक/इंजीनियर होना चाहिए। उम्मीदवार का प्लाज्मा/फ्यूजन विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सफल परियोजना कार्यान्वयन ट्रैक रिकॉर्ड आवश्यक है।

**<u>आवश्यक अनुभव</u>:**

1. उम्मीदवार को निम्नलिखित शर्तों (a) या (b) या (c) में से एक को पूरा करना होगा:

   (a) 7वें सीपीसी के अनुसार पहले से ही समान वेतन स्तर (16) पर हो, या
   (b) वेतन स्तर 15 पर रहते हुए वेतन स्तर 14 और 15 (संयुक्त) में कुल 5 वर्ष का अनुभव हो, अथवा
   (c) स्तर-14 या समकक्ष में 7 वर्ष की नियमित सेवा।

2. उम्मीदवार के पास परियोजनाओं के निष्पादन में एक बड़े वैज्ञानिक/इंजीनियरिंग अनुसंधान एवं विकास संस्थान के प्रबंधन या एक बड़े वैज्ञानिक अनुसंधान एवं विकास/प्रतिष्ठित वैज्ञानिक/इंजीनियरिंग अनुसंधान एवं विकास संस्थान का नेतृत्व करने का अनुभव होना चाहिए।

3. उम्मीदवार का उत्कृष्ट प्रकाशन रिकॉर्ड होना चाहिए, और अपने अनुसंधान रुचि के क्षेत्र में प्रतिष्ठित प्रोफेशनल/वैज्ञानिक से सिफारिशें प्राप्त करने में सक्षम होना चाहिए।

4. संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग के साथ परियोजना कार्यान्वयन में समृद्ध अनुभव होना चाहिए।

**<u>वांछनीय अनुभव</u>:**

1. उपरोक्त आवश्यक योग्यताओं के अलावा, उम्मीदवार से अपेक्षा की जाती है कि वह विशेष रूप से सरकारी अनुसंधान एवं विकास संस्थानों / सहायता प्राप्त संस्थानों / पीएसयू में प्रशासनिक और वित्तीय मामलों से परिचित हो।

2. उसे विशेष रूप से विज्ञान/इंजीनियरिंग अकादमियों में से किसी एक से मान्यता/पुरस्कार प्राप्त होना चाहिए या प्रतिष्ठित संस्थानों/विश्वविद्यालयों से अकादमिक मान्यता प्राप्त होना चाहिए, या सरकारी एजेंसियों से अनुसंधान एवं विकास पुरस्कार प्राप्तकर्ता होना चाहिए।

3. भारत, फ्रांस के कैडराचे में, अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर (ईटर) परियोजना में एक प्रमुख भागीदार है, जिसमें आईपीआर प्रमुख भूमिका निभाता है।

इस कार्य के लिए उम्मीदवार को राष्ट्रीय और/या अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग का सर्वोत्तम उपयोग करने में पर्याप्त अनुभव होना चाहिए।

**रिक्ति की तिथि:** 01-जनवरी-2025

**सामान्य जानकारी:**

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं।
2. सभी उम्मीदवारों की हर दृष्टि से पात्रता निर्धारित करने की तिथि 01.01.2025 होगी।
3. सरकारी/सहायता प्राप्त/स्वायत्त/अर्ध सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के तहत काम करने वाले उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना होगा।
4. **आयु के प्रमाण के रूप में** केवल निम्नलिखित प्रमाणपत्र/दस्तावेज़ ही स्वीकार्य हैं (कोई एक):

   i. जन्मतिथि जैसा कि जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है।

   ii. सेकण्डरी स्कूल जन्म प्रमाणपत्र (एसएसएलसी)।

   iii. मैट्रिक/माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र जिसमें जन्मतिथि अंकित हो।

**चयन प्रक्रिया:**

प्रतिनियुक्ति या सीधी भर्ती द्वारा (खुले विज्ञापन के लिए सर्च-कम-सलेक्शन)। किसी प्रख्यात वैज्ञानिक/प्रौद्योगिकीविद् द्वारा आवेदन या नामांकन।

संस्थान के उपनियमों के खंड 26 के अनुसार, सर्च-कम-सलेक्शन कमिटी की सिफारिशों और आईपीआर गवर्निंग काउंसिल की मंजूरी के बाद, भारत सरकार द्वारा चयन किया जाएगा।

**आवेदन प्रक्रिया:**

इच्छुक व्यक्ति संस्थान के लिए **एक पेज के विजन स्टेटमेंट के साथ** निर्धारित प्रोफार्मा में विस्तृत बायोडाटा देकर आवेदन कर सकते हैं। सादे कागज पर टाइप किया हुआ आवेदन, स्व-सत्यापित संलग्नकों के साथ, अवर सचिव, सचिव कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अणुशक्ति भवन, सी.एस.एम. मार्ग, मुंबई - 400 001 को पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा जा सकता है। निर्धारित प्रोफार्मा विभाग की वेबसाइट www.dae.gov.in / www.ipr.res.in से डाउनलोड किया जा सकता है। पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **15/12/2024** है। आवेदन की अग्रिम प्रति, ईमेल chmnoff@dae.gov.in या

टेलीफैक्स नंबर 022 22843888 द्वारा भी भेजी जा सकती है। हालांकि, पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन प्राप्त होने की तिथि को वैध तिथि माना जाएगा और निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त ऐसे सभी आवेदनों को अमान्य आवेदन माना जाएगा।

आवेदन पत्र वाले लिफाफे के शीर्ष **पर "निदेशक, आईपीआर, गांधीनगर के पद के लिए आवेदन"** अंकित होना चाहिए। परमाणु ऊर्जा विभाग ट्रांजिट के दौरान आवेदन के खो जाने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। परमाणु ऊर्जा विभाग को चयन हेतु केवल उन उम्मीदवारों पर विचार करने का अधिकार है जो स्क्रीनिंग के बाद पात्र पाए जाते हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग को बिना कोई कारण बताए सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार है।

किसी भी विसंगति के मामले में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।